पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

स्किल डेवलेपमेंट ट्रेनिंग, चिकनकारी एवं ड्रेस मेकिंग प्रशिक्षण की समाप्ति पर 19 प्रशिक्षित महिलाओं व बालिकाओं को सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र वितरित किए गए

राज्यपाल ने हस्त निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हस्त निर्मित उत्पादों के पीछे होती है कड़ी मेहनत

प्रशिक्षित महिलाएं प्रशिक्षणोपरांत अपना कार्य शुरू कर बनें स्वावलंबी
-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा में वृद्धि उनके सामाजिक सुरक्षा की बड़ी गारंटी
-मंत्री श्री राकेश सचान

लखनऊः 21 अगस्त, 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन में आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी द्वारा स्किल डेवलेपमेंट ट्रेनिंग, चिकनकारी एवं ड्रेस मेकिंग प्रशिक्षणोपरांत राजभवन में अध्यासित कुल 19 प्रशिक्षित महिलाओं व बालिकाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर हस्त निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का राज्यपाल जी द्वारा अवलोकन भी किया गया।

राज्यपाल जी ने दीक्षांत समारोह में सभी उपाधि व पदक प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह में जब भी किसी प्रकार की डिग्री, डिप्लोमा या अन्य प्रमाण पत्र का वितरण होता है तो स्वाभाविक रूप से आनंद की अनुभूति होती है, और यह प्रमाण पत्र भविष्य में उपयोगी सिद्ध होता है। राज्यपाल जी ने कहा कि कार्य करने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण कराए जाने का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार व आय सृजन के अवसर की उपलब्धता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

राज्यपाल जी ने हस्त निर्मित उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हस्तनिर्मित उत्पादों के पीछे कड़ी मेहनत होती है। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से इस प्रकार के कार्य हेतु सहायता प्रदान की जानी चाहिए तथा सभी प्रशिक्षित महिलाओं से उन्होंने अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षणोपरांत अपना कार्य शुरू करें व स्वावलंबी बने।

इस अवसर पर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यम विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सचान ने सभी प्रशिक्षितों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा में वृद्धि होती है जो उनके सामाजिक सुरक्षा की बड़ी गारंटी होती है। उन्होंने एमएसएमई से संबंधित सभी प्रकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ओडीओपी में हस्तशिल्प उत्पाद अपना स्तर बढ़ा रहे हैं तथा माननीय प्रधानमंत्री जी ने इसे पूरे देश की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के उद्यमी उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित हुए हैं एवं उत्तर प्रदेश उद्यम प्रदेश की ओर अग्रणी है।

ज्ञातव्य है कि आसमा हुसैन फैशन टेक्नोलॉजी के सौजन्य से राजभवन के अध्यासित महिलाओं को चिकनकारी प्रशिक्षण हेतु प्रथम बैच 2020 में बनाया गया था, जिसमें 32 तथा 2023 में गठित दूसरे बैच में कुल 19 महिलाओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विभाग के सचिव श्री प्रांजल यादव, आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी के संस्थापक श्रीमती आसमा हुसैन, संस्था के पदाधिकारी गण, राजभवन की अध्यासित प्रशिक्षु महिलाएं आदि उपस्थित थे।

————

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन

सम्पर्क सूत्र– 9454468250